हर गांव में जल संग्रहण एवं संरक्षण कर सिंचाई क्षेत्र को बढ़ाना है : नित्या के.

बीकानेर, (कासं)। विश्व जल दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के. की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि जल हमारी मूलभूत आवश्यकता है। इसके मद्देनजर जल का सदुपयोग एवं संरक्षण हम सबके लिए बहुत जरूरी है। प्रत्येक गांव में जल सरंक्षण के समुचित उपाय हों। उन्होंने कहा कि जल दिवस जैसे आयोजनों का मूल उद्देश्य सामूहिक प्रयासों से जल के प्रति जागरूकता लाना है। साथ ही ग्राम को जल आत्मनिर्भर बनाकर पेयजल समस्या का समाधान करना तथा क्षेत्रों में जल संग्रहण एवं संरक्षण कर सिंचाई क्षेत्र को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इसके तहत जल ग्रहण क्षेत्र उपचार, नाला उपचार, लघु सिंचाई योजना के कार्यों की मरम्मत, नवीनीकरण, सुदृढ़ीकरण, जल संग्रहण ढांचों की क्षमता बढ़ाना, पेयजल स्त्रोतों को सुदृढ़ीकरण करने के कार्य हुए एवं ट्यूबवैल, कुएं तथा कृत्रिम भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का कार्य, चारागाह विकास एवं वृक्षारोपण कार्य, कृषि क्षेत्र में उत्पादकता वृद्धि हेतु फसल एवं उद्यानिकी की उन्नत विधियों को बढ़ावा देकर फसल चक्र में व्यवसाय खेती को बढ़ावा जैसे कार्य करवाए जाते हैं।

बीकानेर जिला परिषद सी.ई.ओ. नित्या के. ने विश्व जल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जल संग्रहण के अधीक्षण अभियंता भूपसिंह भी मौजूद थे।

जल संग्रहण के अधीक्षण अभियंता भूपसिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं राजीव गांधी जल संचय योजना के तहत जल सरंक्षण के संबंध में समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 में वर्षा जल संग्रहण एवं संरक्षण के लिए राजीव गांधी जल संचय योजना राज्य के सभी ब्लॉक में स्वीकृत की गई है। जिले में इस योजना के तहत 15 ग्राम पंचायतों के 25 गांव चयनित किए गए हैं। इनमें कृषि, वन, बागवानी, पंचायती राज, ग्रामीण विकास तथा जल संरक्षण विभाग के द्वारा वर्षा जल के संग्रहण एवं सरंक्षण पर कार्य किया जायेगा।

वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक पन्नालाल गहलोत ने जल संरक्षण के क्षेत्र में भूजल विभाग द्वारा किए जाने कार्यों की रूपरेखा बताई। इस दौरान अधीक्षण अभियंता धीर सिंह, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ राजेश हर्ष, एसीएफ कपिल चौधरी, आरओ धर्मपाल चौधरी, सहायक अभियंता सुंदरलाल गोदारा, अधिशाषी अभियंता रामनिवास शर्मा एवं दिलीप तंवर, राजीविका के डीपीएम राजेन्द्र प्रसाद विश्नोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला परिषद के आईसी कोऑर्डिनेटर गोपाल जोशी ने किया।

■ **विश्व जल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित**

वहीं देशनोक नगर पालिका द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के उपलक्ष में आज महिला खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की समन्वयक और नेता प्रतिपक्ष प्रियंका चारण ने बताया की नगर पालिका देशनोक ने लगातार दूसरे वर्ष महिला दिवस धूमधाम से आयोजित किया।

कस्बे की महिलाओं के लिए नींबू चम्मच दौड़, मटकी फोड़, बोरी दौड़, नृत्य, रस्साकशी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। निर्णायक की भूमिका उर्मिला रतनू, अम्बिका भाटी ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन हीरा कोठरी ने किया। समन्वयक चारण ने कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंदड़ा के प्रति आभार जताया और बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभाओं को मंच देना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना था।

खाते से 37 हजार रुपए उड़ाये

हनुमानगढ़, (कासं)। टाउन में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। आरोपी ने कस्टमर केयर अधिकारी बन उसके खाते से ऑनलाइन 37 हजार रुपए से अधिक की राशि अन्य खाते में विड्रॉल कर ली। बाद में इस रकम में से 25 हजार रुपए एटीएम के जरिए विड्रॉल किए गए।

धोखाधड़ी के शिकार हुए पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर दर्ज करवाई। साथ ही इस मामले में टाउन पुलिस थाने में अज्ञात के खिलाफ ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एएसआई गायत्री ने बताया कि दिनेश सिंह राव (42) पुत्र भंवरसिंह निवासी वार्ड 26, नई आबादी, गली नम्बर 4, टाउन ने लिखित रिपोर्ट दी कि उसने 3 मार्च को सैमसंग कस्टमर केयर के नम्बर 7980075631 पर फोन किया था। फोन पर बात करने के थोड़ी देर बाद ही कस्टमर केयर वालों ने कहा कि 2 रुपए का शुल्क लगेगा वो आप भेजो। उसके बाद 2 रुपए शुल्क भेजने के कुछ समय बाद ही उसके खाते से 3 मार्च को शाम 6 बजे 37 हजार 360 रुपए भारत पे यूपीआई से विड्रॉल कर लिए गए। उसे जैसे ही पता लगा, उसने इसकी शिकायत साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई। उसने बैंक में भी पता किया तो जानकारी मिली कि पैसा यस बैंक में ट्रांसफर हुआ है। पैसा मोबाइल नम्बर 9912509558 से विड्रॉल किया गया है। 6 मार्च को 25 हजार रुपए आरोपी ने एटीएम से विड्रॉल किए हैं। यह राशि चौमूं से निकाली गई है।

सार-समाचार

काव्य 'उजाले की ओर' का लोकार्पण

नीतू जोशी के काव्य संग्रह 'उजाले की ओर' का कवि राजेन्द जोशी व व्यंग्यकार डॉ अजय जोशी ने लोकार्पण किया।

बीकानेर, (कासं)। नवकिरण सृजन मंच के तत्वावधान में युवा कवयित्री नीतू जोशी के हिन्दी काव्य संग्रह ' उजाले की ओर' का लोकार्पण नागरी भंडार स्थित महारानी सुर्दशना कला दीर्घा में मंगलवार देर शाम आयोजित किया गया। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता व्यंग्यकार-संपादक डॉ. अजय जोशी ने की। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। समारोह की विशिष्ट अतिथि डॉ. बसंती हर्ष रही। लोकार्पित पुस्तक पर पत्र वाचन साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने किया। समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए व्यंग्यकार डॉ. अजय जोशी ने कहा कि समाज को उजाले की तरफ ले जाने की बात इस काव्य संग्रह की मुख्य धुरी है। नारी चेतना को जागृत करने का स्वर है। उन्होंने कहा कि उजाले की ओर कविता संग्रह समाज को जोड़ने और सामाजिकता के पक्षकार बनकर उजाला करती है। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने उजाले की ओर पुस्तक के लोकार्पण अवसर पर कहा कि नीतू जोशी के काव्य संसार में आदमी के पक्ष में, आदमीयत के विरुद्ध साजिश रचने वालों के लिए चेतावनी और चुनौती है। उन्होंने कहा की युवा कवियत्री नीतू की कविताएं जीवन से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम में पार्षद सुधा आचार्य, यामिनी जोशी, सखा संगम के अध्यक्ष एन. डी. रंगा , चंद्रशेखर जोशी, ज्योति वधवा रंजना, बी. एल. नवीन, प्रेम नारायण व्यास, गिरिराज पारीक, रंगा राजस्थानी, डॉ रजनी रमण झा, शिवशंकर शर्मा, डॉ. फारुख चौहान, सागर सिद्धिकी, असद अली असद, बुनियाद जहीन, संतोष जांगिड़, मूलचन्द जोशी, शान्ति देवी, अमरचन्द नैण, रमा देवी, महेश कुमार गिल, वीणा देवी, अनिता शर्मा, पुष्पा देवी, विमला देवी, पूर्णिमा जोशी, सुमन जोशी, जतिन शर्मा, अखिल पंचारिया, पीयूष शर्मा, योगिता, कोमल, भाविका शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

मूटकोर्ट में विवाह विच्छेद का फैसला



रामपुरिया विधि महाविद्यालय में मूटकोर्ट का आयोजन किया।

बीकानेर, (कासं)। कुलदीप गजानन बनाम चंचल के मामले में पारिवारिक न्यायालय, बीकानेर ने कुलदीप को क्रूरता के आधार पर विवाह विच्छेद की डिक्री जारी की। यह निर्णय आज ब.ज.सि रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा मंचित मूटकोर्ट के अन्तर्गत सुनाया गया। महाविद्यालय की प्रायोगिक गतिविधि के क्रम में आज इस मूटकोर्ट का आयोजन किया गया। मूटकोर्ट के द्वारा विधि विधार्थियों ने एक बारगी न्यायालय का माहौल पैदा कर दिया। मामले को जीवंत रूप देने के लिए न्यायाधीश, वकील, गवाहों, स्टेनों, प्रार्थी, अप्रार्थी, गवाह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा अन्य सभी न्यायिक कर्मचारियों की भूमिका विधि विद्यार्थियों के द्वारा निभायी गई। महाविद्यालय में अयोजित मूटकोर्ट में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास न्यास, बीकानेर के सचिव एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यशपाल आहूजा ने विधि विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा जो यह प्रयास किया गया, एकबारगी वास्तविक न्यायालय का आभास करवाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने प्रतिभागियों को इस मूटकोर्ट के सफलतापूर्वक एवं शानदार मंचन पर बधाई दी एवं कानून की पेचिदगियों की ओर छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. रीतेश व्यास एवं डॉ परज सिंघवी के निर्देशन में मंचित इस मूट कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में सुप्रिया व्यास, पेशकार के रूप में कोमल दाधिच, स्टेनो के रूप में ग्रेसी, आवाज लगाने वाले की भूमिका में दीपेन्द्र सिंह, प्रार्थी के रूप में रिपुदमन सिंह, अप्रार्थी के रूप में पूजा, प्रार्थी के वकील के रूप में शुभम, अप्रार्थी पक्ष के वकील के रूप में माधव एवं शुभम गवाह के रूप में भरत, प्रवीण, ज्योती, निर्मला, दिवान सिंह व पंकज ने अपनी भूमिका अदा की।

टेम्पो की टक्कर से घायल

अनूपगढ़, (कासं)। गांव 87 जीबी के पास टेम्पो और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार गांव 4 एनडी निवासी दुर्गा राम (27) पुत्र गिरधारी राम 87 जीबी से अनूपगढ़ की ओर आ रहा था। जैसे ही बाइक चालक ने गांव 87 जीबी को पार किया, उसी समय आगे जा रहे टैंपो ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे दुर्गाराम की मोटरसाइकिल टेम्पो के पीछे टकरा गई। हादसे में दुर्गाराम घायल होकर सड़क पर गिर गया। जिसे एम्बुलेंस की मदद से अनूपगढ़ के राजकीय अस्पताल ले जाया गया।

बेरोजगार युवक के खाते से पौने दो लाख रूपये निकाले

श्रीगंगानगर, (कासं)। नौकरी का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया। तीनों बेरोजगारों को टारगेट बनाते थे।

अपनी साथी युवती के जरिए सोशल मीडिया पर युवकों से दोस्ती करवाते थे। बेरोजगारों से दस से पंद्रह रूपए फीस के नाम पर अपने बैंक खाते में डलवाते थे। इसके बाद बेरोजगार युवक के फोन पर एक एप डाउनलोड करवाकर खाते से रूपए निकलवा लेते थे। पुलिस टीम पिछले कुछ समय से ठगों को ट्रेक कर रही थी। मंगलवार को गिरफ्तार कर पांच दिन के रिमांड पर लिया गया। तीनों जयपुर में रह रहे थे।

श्रीगंगानगर के सदर पुलिस थाना क्षेत्र के गांव सात एलएनपी निवासी संदीप सिंह पुत्र कौर सिंह ने 22 फरवरी को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि वह 17 फरवरी को फेसबुक पर नौकरी के लिए एडवरटाइजमेंट देख रहा था। इस दौरान एक पोस्ट पर मैसेज किया तो तनिश जोरा नाम की युवती का मैसेज आया। युवती ने उसे वाट्सऐप कॉल करने को कहा। उसने वाट्सऐप कॉल की तो युवती ने एक वीडियो शेयर की, जिसमें स्किल इंडिया सरकारी साइट की नौकरी की बात कही थी।

■ **बेरोजगार युवक के फोन पर एक एप डाउनलोड करवाकर खाते से रूपए निकलवा लेते थे**

युवती ने एक साइट का नाम भेजा। इस साइट पर युवक को एक अपाइंटमेंट बुक करने को कहा गया। अपाइंटमेंट बुक नहीं होने पर युवती ने उसके मोबाइल पर दो एप डाउनलोड करवाए। इनमें से एक एप के जरिए युवती ने पहले दस रुपए और फिर अपाइंटमेंट फीस बताते हुए पंद्रह रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाए। यह रूपए ट्रांसफर होने के बाद शाम को उसके खाते से चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन में एक बार में 99 हजार, दूसरी बार में 25 हजार और फिर दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 25-25 हजार रूपए युवती के खाते में ट्रांसफर हुए। इस तरह उसके खाते से पौने दो लाख रूपए निकाले गए। इस संबंध में साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया।

मामले की जानकारी पर एएसपी सतनाम सिंह के निर्देशन में साइबर थाना इंचार्ज आरपीएस संजय बोथरा और इंस्पेक्टर रामप्रताप वर्मा की देखरेख में टीम बनाई गई। टीम ने युवक के दिए नंबरों को ट्रैक किया। ट्रांजेक्शन और लॉकेशन की जानकारी जुटाई। इस पर आरोपियों के जयपुर में होने का पता चला। इसके बाद बिहार के वेस्ट चंपारण जिले के पटखौली थाना क्षेत्र के बगाह इलाके के कैलाशनगर वार्ड सात के रहने वाले अजयकुमार (24) पुत्र नंदलाल को गिरफ्तार किया।

आरोपी अभी जयपुर के प्रतापनगर में रह रहा है। इसके अलावा अजमेर के भगवान गंज थाना क्षेत्र के अजयनगर के रहने वाले यश खत्री (22) पुत्र प्रदीप खत्री और जयपुर के प्रताप नगर के रहने वाले प्रतीक तेणगरिया (24) पुत्र रामअवतार तेणगरिया को गिरफ्तार किया गया।

संस्कृति महोत्सव 28-29 को

हनुमानगढ़, (कासं)। प्रदेश में लोक कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर राजस्थान संस्कृति महोत्सव-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर बुधवार को हनुमानगढ़ कलेक्टर रुक्मणि रियार ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी।

रुक्मणि रियार ने बताया कि जिले में 2 दिवसीय राजस्थान संस्कृति महोत्सव-2023 का आयोजन 28 और 29 मार्च को टाउन बस स्टैंड के नजदीक सेंट्रल पार्क में किया जायेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 28 मार्च को शाम 4.15 बजे किया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि जिले में राजस्थानी, हरियाणवी और पंजाबी संस्कृति के लोग निवास करते हैं। उनकी भावनाओं और संस्कृति को ध्यान में रखने के साथ ही युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए प्रसिद्ध राजस्थानी गायकार गफूर खां जैसलमेरी, हरियाणवी के प्रसिद्ध गायक राजू पंजाबी और युवाओं में लोकप्रिय पंजाबी गायक कोराला मान को आमंत्रित किया गया है, जो प्रस्तुतियां देंगे। स्थानीय लोक कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है।

चाकू घोंप पिता ने बेटे को मौत के घाट उतारा

हनुमानगढ़, (कासं)। मामूली कहासुनी में पिता ने चाकू से हमला कर नाबालिग बेटे की हत्या कर दी। आरोपी ने बीच-बचाव करने आई पत्नी के पेट में चाकू घोंप दिया। घटना हनुमानगढ़ के पीलीबंगा इलाके के कालीबंगा गांव की बुधवार सुबह 9 बजे की है।

थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि 17 साल के विवेक की उसके पिता देवेंद्र जाट ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बेटे को बचाने आई सरोज (40) पर भी आरोपी ने हमला किया। उसके घर पर हमेशा बाप-बेटों में लड़ाई होती रहती थी। बुधवार को सुबह साढ़े 8 से 9 बजे के बीचे खाना बनाकर वह घर का काम कर रही थी। घर में उसके पति देवेंद्र, बेटा विवेक और ससुर जिसुखराम मौजूद थे। उसका बेटा गंगानगर में पिता ने मामा के यहां घर पर मुहूर्त पर जाने के लिए तैयार हो रहा था। उसी दौरान उसके बेटे विवेक और उसके पति में कहासुनी होने लगी। दोनों आपस में मारपीट करने लगे। पीलीबंगा थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि उसी दौरान उसके बेटे विवेक ने उसे बचाने की आवाज लगाई, जिस पर महिला भागकर कमरे में गई तो उसका बेटा लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। आरोपी देवेंद्र के हाथ में चाकू था, जिससे वह उसके बेटे को मार रहा था। महिला ने बीच-बचाव कर छुड़ाना चाहा तो उसके पति देवेंद्र ने उसके पेट में भी चाकू से वार कर दिया। महिला के चिल्लाने पर आरोपी वहां से भाग गया। भागते समय आरोपी ने अपने पिता पर भी हमला कर दिया।

■ **बीच-बचाव करने आई पत्नी के पेट में भी चाकू घोंपा**

महिला के चिल्लाने पर पड़ौस में रहने वाले रघुवीर सिंवर, प्रेम कुमार नाई, मनसा गोदारा और अन्य पड़ोसी मौके पर पहुंचे। पड़ौसियों ने नाबालिग को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 22-23 साल पहले हुई थी।

अश्लील फोटो वायरल करने पर पति गिरफ्तार

नोखा, (निसं)। पत्नी के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी को नोखा पुलिस ने मंगलवार रात को गिरफ्तार किया।

नोखा थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि एक महिला ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया कि उसका विवाह चौपड़ा बाड़ी गंगाशहर निवासी पूनम कुम्हार के साथ हुआ था। पति पूनम ने उसके अश्लील फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। इसके बाद उसकी बहन की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर बहन की भी फोटो इंस्टाग्राम आईडी पर वायरल की।

बाद में फोन पर धमकी देकर 5 लाख रूपए की मांग की। पैसे नहीं देने पर पूरे परिवार को बदनाम करने की धमकी दी। जिस पर पुलिस ने चौपड़ा बासी गंगाशहर निवासी पूनम कुम्हार को गिरफ्तार किया है।

आरोपी से मोबाइल बारामद कर जब्त कर लिया गया है। पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। कार्यवाही में नोखा पुलिस के थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़, एसआई भोलाराम, एएसआई ओमप्रकाश, हैड कानि बलवान सिंह, कानि पेमाराम शामिल थे।

ऊर्जा मंत्री आज आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी गुरूवार प्रातः 7 बजे रथखाना स्थित झूलेलाल मंदिर में चेटीचंड पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

ऊर्जा मंत्री 24 मार्च को प्रातः 11 बजे श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विधायक निधि कोष से स्वीकृत कार्यों तथा दोपहर 12:30 बजे श्रीकोलायत में पेयजल, विद्युत, इंदिरा गांधी नहर और पीडब्लयूडी विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। ऊर्जा मंत्री 25 मार्च को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट में कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी प्रोग्राम में शामिल होंगे तथा चावड़ा बस्ती में 33 केवी जीएसएस का उद्घाटन करेंगे।

बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

अनूपगढ़, (कासं)। क्षेत्र में देर रात्रि तेज हवा के साथ बरसात और ओलावृष्टि भी हुई। ओलावृष्टि किसानों पर कहर बनकर टूटी है। आज सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो उनकी फसल उन्हें तबाह हुई नजर आई।

किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी सरसों और गेहूं की फसल पूरी तरह गिर चुकी है। जिससे बहुत अधिक नुकसान होने की संभावना है। किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण लगभग 50 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक फसलों के खराब होने की संभावना है।

■ **तेज हवा व ओलावृष्टि से सरसों व गेहूं की फसल गिरी**

प्रकृति के इस कहर को देखकर किसान मायूस हो गए हैं।

गांव रोजड़ी के किसान कमल यादव ने बताया कि क्षेत्र में रुक-रुक का बरसात होती रही और शुरूआती दौर में क्षेत्र में ओलावृष्टि भी हुई है। जब आज वह सुबह खेतों में गए तो देखा कि सरसों और गेहूं की फसल गिर चुकी है। ओलावृष्टि के कारण फसलों में काफी नुकसान हुआ है। रोजड़ी के अलावा घड़साना पंचायत समिति के गांव सखी सहित अन्य कुछ गांवों में भी फसलों के खराब होने की सूचना मिल रही है।

कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि उन्हें किसानों से सूचना मिली है कि ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि किसानों की सूचना पर टीम को मौके पर भेजा जायेगा और जांच करवाई जायेगी।

हर हाथ को काम देने की ताकत खादी और ग्रामोद्योग के पास : मनीष शर्मा

बीकानेर, (कासं)। बेरोजगारी उन्मूलन में खादी और ग्रामोद्योग संस्थाओं की भूमिका पर चर्चा के लिए बीकानेर में 26 व 27 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

शांति एवं अहिंसा विभाग के निदेशक मनीष शर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में इस संबंध में आयोजित तैयारी बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी आज सरकारों और समाज के सामने बड़ी चुनौती है। हर हाथ को काम देने की ताकत खादी और ग्रामोद्योग के पास है। इस सम्मेलन में देशभर में खादी पर काम करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

नई पीढ़ी को खादी के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया आदि की भी विस्तार से जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के रचानात्मक कार्यों से युवा पीढ़ी को जोड़ने की दिशा यह अहम कार्यक्रम होगा। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री खादी उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशालय का भी प्रयास रहेगा कि खादी और ग्रामोद्योग की संस्थाओं के सम्बलन के साथ युवा पीढ़ी को रोजगार देने के संदर्भ में जानकारी पहुंचे। बैठक में जैसलमेर खादी संघ के अध्यक्ष सवाई सिंह ने कहा कि खादी कम से कम पूंजी में अधिक से अधिक रोजगार देने की क्षमता रखती है।

खादी पर बीकानेर में होने वाली राष्ट्रीय कार्यशाला की तैयारी बैठक को शांति एव अहिंसा विभाग के निदेशक मनीष शर्मा ने संबोधित किया।

खादी एवं ग्रामोद्योग प्रतिनिधियों के सुझाव सरकार तक पहुंचाने और इस मंथन से कई नवाचार प्रारम्भ करने की दिशा में यह कार्यशाला अहम होगी। इस अवसर पर खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता ने कहा कि गांधी और ग्रामोद्योग देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में बड़ी हिस्सेदारी निभा सकता है।

■ **खादी पर 26 व 27 को बीकानेर में आयोजित होगी राष्ट्रीय कार्यशाला**

शांति एवं अहिंसा विभाग द्वारा गांधी दर्शन के साथ-साथ उनके रचानात्मक कार्यों से युवा पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से यह राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित की जा रही है।

जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कार्यशाला के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।

बैठक में श्रवण तंवर सहित खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं के विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे।

अश्लील वीडियो बना युवती से किया सामूहिक दुष्कर्म

युवती की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 6 आरोपियों को नामजद कर तलाश शुरू कर दी है

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीगंगानगर क्षेत्र में 19 साल की युवती के साथ कुछ युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने युवती के एक कॉलेज सहपाठी सहित छह युवकों को नामजद किया है।

पीड़िता की रिपोर्ट पर गांव 10 सरकारी के छिंदा सिंह व गोल्डी, मघेवाली ढाणी निवासी कुलदीप मेघवाल, विनोद नायक, दीपू नायक व आकाश के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी सीआई विक्रम चौहान ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की एक युवती ने रिपोर्ट में बताया कि गांव 10 सरकारी के दो युवकों छिंदा सिंह व गोल्डी ने फोन कर उसे गुरूद्वारा बुड्ढा जोहड़ मेले में जाने के बहाने से बुलाया। इस पर युवती घर से बताई हुई जगह पर पहुंच गई। गोल्डी गांव 2 एलसी हैड पर युवती को छोड़कर 7 एलसी की ओर चला गया और छिंदा उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। इसी दौरान गांव मघेवाली ढाणी निवासी कुलदीप मेघवाल व विनोद नायक वहां आ गए। कुलदीप भी पीड़िता के साथ कॉलेज में पढ़ता है। कुलदीप व विनोद ने छिंदा द्वारा युवती के साथ की जा रही अश्लील हरकतों का वीडियो बना लिया तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोनों युवकों ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस बीच मघेवाली ढाणी निवासी एक अन्य युवक दीपू नायक भी वहां आ गया। दीपू ने धमकी दी कि उसने कुलदीप मेघवाल व विनोद द्वारा दुष्कर्म किए जाने का वीडियो बना लिया और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया।

■ **कॉलेज के एक सहपाठी ने फोन कर युवती को गुरूद्वारा बुड्ढा जोहड़ मेले में जाने के बहाने से बुलाया, जहां युवती के साथ अश्लील हरकतें की**

■ **इस घटना का कुछ अन्य युवकों ने वीडियो बनाया और सभी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से दुष्कर्म किया**

इस बीच छठा आरोपी मघेवाली ढाणी निवासी आकाश भी घटना स्थल पर पहुंच गया था। कुलदीप व आकाश ने युवती को बाइक पर उसी जगह छोड़ दिया जहां पहले मिली थी।